दैनिक विश्वमित्र
• हिन्दी का प्राचीनतम राष्ट्रीय दैनिक •
कोलकाता मंगलवार ■ 29 अगस्त, 2023 ■ शुद्ध श्रावण शुक्ल 13 सम्वत् 2080

नदिया, 27 अगस्त (रमेश राय)। हर साल की तरह इस साल भी इस्कॉन के मुख्य केंद्र श्रीधाम मायापुर में पांच दिन व्यापी अंतरराष्ट्रीय झूलन यात्रा मो-हत्सव की श्रीगणेश हुआ। यह आयोजन 31 अगस्त तक चलेगा। मायापुर इस वर्ष 39वां झूलन और राखी पूर्णिमा उत्सव मना रहा है। आज शाम पांच बजे चंद्रोदय मंदिर से रंगारंग संकीर्तन शोभा यात्रा के साथ श्री श्री राधामाधव को झूलन मंडप ले जाया गया। कार्यक्रम रात 8.30 बजे तक चला। आरती, कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, दीप दान, हिंडोल खेल और प्रसाद वितरण इस दिन के विशेष कार्यक्रम थे। हर साल की तरह इस साल भी देश-विदेश से कई भक्तों ने इस उत्सव में भाग लिया। झूलन मंडप का निर्माण वर्ष भर किया जाता है। झूलन मंडप गुरुकुल और गौशाला के बगल में स्थित है। इस्कॉन मायापुर के जनसंपर्क अधिकारी रसिक गौरांग दास ने संवाददाताओं से कहा, कि झूलन प्रेम का त्योहार है, मिलन का त्योहार है, आत्मा और आत्मा के मिलन का त्योहार है। एक दूसरे को गले लगाने का त्योहार है। झूलन एवं राखीपूर्णिमा पर्व देशभक्ति, देशप्रेम एवं आध्यात्मिक विकास के पर्व हैं।